Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बारां में नगर पालिका, मांगरोल का वरिष्ठ सहायक 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *09 जनवरी, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर कोटा शहर इकाई द्वारा बारां में कार्यवाही करते हुये **धनप्रकाश वरिष्ठ सहायक, नगर पालिका मांगरोल, जिला बारां** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की कोटा शहर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म द्वारा करवाये गये विभिन्न कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में आरोपी धनप्रकाश वरिष्ठ सहायक द्वारा **35 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री शिवराज सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी की कोटा शहर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय स्वर्णकार** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **उप अधीक्षक पुलिस श्री अनीष अहमद** के द्वारा मय टीम के मांगरोल में ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी धनप्रकाश वरिष्ठ सहायक को परिवादी से **10 हजार रुपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।